समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# संजय चौक नामकरण पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष का विरोध

राजेश चौधरी Published on 27 Jan 2026



राजेश चौधरी | जयपुर | समाचार वाणी न्यूज़

तहसील भादरा, जिला हनुमानगढ़ में स्थित संजय चौक का नाम परिवर्तन किए जाने की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद श्री हरिप्रकाश शर्मा ने राजस्थान सरकार के स्वायत्त शासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में शर्मा ने चौक के वर्तमान नामकरण पर गंभीर आपत्ति जताते हुए इसे ऐतिहासिक, वैधानिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अनुचित बताया है।

शर्मा ने पत्र में उल्लेख किया कि पूर्व में तत्कालीन जनप्रतिनिधियों द्वारा कांग्रेस सरकार को खुश करने और परिवारवाद को बढ़ावा देने की मंशा से इस ऐतिहासिक चौक को “संजय गांधी चौक” नाम देने की घोषणा की गई थी। हालांकि, यह नाम किसी भी सरकारी गजट में प्रकाशित नहीं है और न ही स्वायत्त शासन विभाग से इसकी कोई वैधानिक स्वीकृति प्राप्त है। वर्तमान में यह नाम केवल मौखिक रूप से ही प्रचलित है, जिसका कोई कानूनी अस्तित्व नहीं है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक, राजनीतिक और स्वतंत्रता आंदोलन की परंपराओं में संजय गांधी का कोई योगदान नहीं रहा है। ऐसे में भादरा क्षेत्र में संजय गांधी चौक नाम का कोई औचित्य या आधार नहीं बनता।

पत्र में शर्मा ने यह भी बताया कि चौक पर मूर्ति स्थापना के लिए लंबे समय से एक स्ट्रक्चर खड़ा किया गया है, लेकिन उस पर आज तक कोई मूर्ति स्थापित नहीं की गई है। बिना मूर्ति का यह अधूरा ढांचा न केवल वास्तु दोष को दर्शाता है, बल्कि कस्बे के इस प्रमुख और सुंदर चौक की आभा को भी नुकसान पहुंचा रहा है।

शर्मा ने सुझाव दिया कि यदि इस चौक का नाम भारत माता चौक अथवा महान स्वतंत्रता सेनानियों, वैज्ञानिकों, साहित्यकारों या क्षेत्र के गौरवशाली लोक देवताओं के नाम पर रखा जाता है, तो भादरा क्षेत्र के अनेक भामाशाह आगे आकर भव्य प्रतिमा एवं भव्य चौक के निर्माण के लिए सहर्ष सहयोग देने को तैयार हैं।

इस विषय में उन्होंने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका भादरा को भी अवगत करवाया, जिस पर अधिकारी द्वारा विधिसम्मत एवं वैधानिक प्रक्रिया के तहत स्वायत्त शासन विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त करने की सलाह दी गई है।

इसके अतिरिक्त, शर्मा ने इस संबंध में भादरा विधायक श्री संजीव बेनीवाल को भी पत्र लिखकर अपनी भावनाओं से अवगत कराया है और मांग की है कि आगामी विधानसभा सत्र के दौरान संबंधित मंत्री एवं अधिकारियों से मिलकर चौक का नामकरण राजस्थान एवं भादरा क्षेत्र के समृद्ध राजनीतिक, सांस्कृतिक और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े महान व्यक्तित्वों के नाम पर कराया जाए, ताकि कस्बे की पहचान और शोभा में वृद्धि हो सके।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.